हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

13 यात्रा का उद्देश्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना



14 नांगल पीपा के राशन डिपो होल्डर पर गबन का आरोप



## खबर संक्षेप

### अध्योध्या से वापस लौटे महंत विट्ठलगिरि

**कनीना।** महंत लक्ष्मणगिरी विकलांग गोशाला बूचावास के संचालक एवं जूना अखाड़ा के मंहत विट्ठलगिरि महाराज अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के बाद मंगलवार को वापिस लौट आए। जिनका श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। सचिन शर्मा भोजावास ने बताया कि अयोध्या में 125 परपंराओं के संत व महापुरुष समारोह में हिस्सा लिया था। मंगलवार से मंदिर आमजन के दर्शनों के लिए खोल दिया गया है। महंत विष्णु गिरी, मंहत गोपालगिरी, मा. जगदीश, उमेद, श्रद्धानंद, सुरेश मानपुरा, संदीप भोजावास, सोमबीर, अक्षय स्वामी, सुनील कुमार, सत्यवीर सिंह मौजूद रहे।

### अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस की ओर से द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए टीम ने अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों से दो आरोपितों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की ओर से आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### दीपेंद्र जिला सलाहकार सदस्य किए नियुक्त

**नारनौल।** गांव चंदपुरा निवासी दीपेंद्र राव को केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने जिला सलाहकार समिति सदस्य नियुक्त किया है। केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की ओर से जारी पत्र में यह नियुक्ति प्रदान की है। दीपेंद्र राव ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री की सोच है कि हर क्षेत्र में युवाओं को आगे आना चाहिए। इस सोच को आगे बढ़ाते हुए आने वाले समय में युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलेगा। युवा प्रदेश व देश में अपने गांव अपने जिले का नाम रोशन करें, उचित संसाधनों की व्यवस्था करके सबको साथ लेकर के कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

# परिचालक लाइसेंस बनवाने को सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना के लोग नारनौल आने को विवश

**महेंद्रगढ़ में दो दिन निर्धारित करने की मांग, कंडेक्टर लाइसेंस बनवाने में युवाओं को हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेडकॉस नारनौल में सात दिनों की फस्ट एंड की ट्रेनिंग करने के बाद कंडेक्टर लाइसेंस बनाए जाते है। कई सालों से महेंद्रगढ़ लघु सचिवालय में कंडेक्टर का नया लाइसेंस बनवाने व पुराने को रिन्यू करवाने का काम होता चला आ रहा था। तीन माह पहले कंडेक्टर लाइसेंस लघु सचिवालय से स्थानान्तरित करनारनौल के आरटीओ कार्यालय में बनने शुरू हो गए हैं। इससे सतनाली, महेंद्रगढ़ व कनीना के लोग परेशान है। इसी समस्या को लेकर युवा सामाजिक संगठनों के साथ मंगलवार लघुसचिवालय पहुंचे और एसडीएम हर्षित कुमार को मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में युवाओं ने परिचालक लाइसेंस नहीं बनने की बात कहकर सप्ताह में दो दिन महेंद्रगढ़ लघु सचिवालय में यह कार्य करवाने की मांग की ताकि क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़े।

### 65 किलोमीट दूर ढाणी कुम्हारान

जानकारी के मुताबिक सतनाली ब्लॉक का गांव ढाणी कुम्हारान से नारनौल की दूरी लगभग 65 किलोमीटर है तथा कनीना ब्लॉक के गांव स्याणा, नौताना आदि की दूरी भी करीब 60 किलोमीटर है। दिसंबर 2019 में जिन युवाओं ने कंडेक्टर लाइसेंस बनवाने व फस्ट एंड करने पर भी आज तक उनको फस्ट एडं का सर्टिफिकेट बार-बार रेडकॉस व



महेंद्रगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

आरटीओ कार्यालय नारनौल के चक्कर लगाने पर भी नहीं मिला है, जिससे क्षेत्र के युवा परेशान हो चुके है तथा आर्थिक नुकसान व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संगठन से जुड़े रामनिवास पाटोदा ने बताया कि कंडेक्टर लाइसेंस बनवाने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन व मेडिकल करवाया जाता है।

### छह माह की होती है वैधता

जिसकी वैधता छह माह तक होती है तथा छह माह से ज्यादा होने पर उसकी वैधता खत्म हो जाती है। उन्होंने बताया कि लाईसेंस की पुलिस वेरिफिकेशन के लिए आवेदनकर्ता द्वारा दो गवाह इलाका पुलिस के समक्ष ले जाने पड़ते है। उदाहरण के तौर पर गांव बवानिया के युवकों द्वारा बताया गया कि हमें कंडेक्टर लाईसेंस बनवाने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन के लिए पहले दौंगड़ा चौकी फिर कनीना थाना और फिर एसपी कार्यालय नारनौल जाना पड़ता है और वहां पर लगभग 500 रुपये फीस पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के लिए अदा करनी पड़ती है। जिससे क्षेत्र के युवा अब परेशान हो चुके है। इसलिए नया कंडेक्टर लाइसेंस बनवाने, रिन्यू करवाने, रेडक्रॉस व आरटीओ कार्यालय के सभी कार्य के लिए सप्ताह में दो दिन लघु सचिवालय महेंद्रगढ़ में कार्य किया जाए, ताकि क्षेत्र के युवक-युवती को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो भी सरकार आती है वह महेंद्रगढ़ जिले से भेदभाव करती है।

## युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखने की कवायद

# युवाओं को खेल का सामान देगा खेल विभाग, मांगें गए हैं आवेदन

**जिले की 343 पंचायतों में से अभी तक 92 पंचातों ने किए खेल समान के लिए आवेदन, डीसी दरबार पहुंची फाइल**

राजकुमार ▶▶| नारनौल



शहर और गांवों के युवाओं नशा जैसी बुरी आदतों, अपराध जगत में कदम रखने से बचाने तथा खेलों में रुचि पैदा करने के उद्देश्य से खेल विभाग ने नई योजना तैयार की है। इसे खेल उपकरण नीति नाम दिया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को निःशुल्क खेल का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए जिला खेल अधिकारी कार्यालय ने आवेदन मांग रखे हैं। अब तक जिला महेंद्रगढ़ की 343 ग्राम पंचायतों में से महज 92 पंचायतों ने ही खेल सामान के लिए आवेदन किया है। फिलहाल इसे फाइनल नहीं किया गया है तथा फाइल अंतिम रूप देने के लिए डीसी दरबार में पहुंच गई है।

आजकल के युवा पहले की भांति खेलों में भाग लेने की बजाए ज्यादातर तो मोबाइल फोन में व्यस्त रहने लगे हैं। इससे उनको शारीरिक एवं मानसिक नुकसान पहुंच रहा है तथा आंखें कमजोर हो रही हैं। कई युवा ऐसे भी हैं, जो इनसे भी दो कदम आगे चलकर नशा करने लगे हैं तथा अपराध जगत में भी कदम रख चुके हैं। आजकल गांवों एवं मोहल्लों में युवाओं की ऐसी टोलियां नजर आने लगी हैं, जो नशे की गिरफ्त में आ चुकी हैं तथा अपराधों को अंजाम देने लगे हैं। क्राइम फिल्मी देखकर उनके नक्शे-कदम पर चलने की चाह में ऐसे अबोध एवं किशोर भी अपनी भावनाओं पर काबू रख पाने की बजाए नशे एवं अपराध के दलदल में धंसने लगे हैं। एंड्रायड फोन का चलन तेजी से बढ़ने पर पिछले एक दशक से नशा एवं अपराध का चलन कुछ ज्यादा ही देखने को मिला है।

अब तो अनेक युवा एवं गैंग ऐसे बन गए हैं, जो तमंचे रखने लगे हैं और जेल की हवा खाने के बावजूद उनके हौसले पसत होने की बजाए बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार ने युवाओं को सही रास्ते पर लाने के लिए खेलों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब सरकार ने निकायों एवं पंचायतों से अपने यहां के युवाओं की रुचि के अनुसार आवेदन मांग रखे हैं। हालांकि पंचायतों व निकायों को खेल मैदान की फोटो आवेदन के साथ सलंग्न करनी होगी। इतना ही नहीं, खेल अधिकारी खेल मैदान एवं खिलाड़ियों की रुचि व कौशल अनुसार सामान की वेरीफिकेशन करेंगे।

### प्रदेश का खेलों में दबदबा

गौर करने वाली बात यह है कि हरियाणा का देश एवं विदेश के खेलों में हमेशा दबदबा रहा है। इस कारण भी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर योजना बना रही है ताकि युवा खेलों के क्षेत्र में खुद का कॅरियर बना सकें और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक, एशियाड, कॉमनवेल्थ और खेलो इंडिया आदि स्पर्धाओं में पदकों की झड़ी लगा चुके हैं।

**यह है योजना:** खिलाड़ियों को खेलों के प्रति आकर्षित करने व नशा जैसी बुरी आदतों से बचाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से हरियाणा प्रोविजन ऑफ स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स स्कीम 2023-24 शुरू की है, जिसके तहत योजना में वर्णित खेलों का सामान ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, हॉकी, बैडमिंटन, हैंडबाल, बास्केटबाल, बॉक्सिंग, जूडो-कराटे और क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी हैं। जिला में इस समय खेल नर्सरियां भी खुली हैं। राजीव गांधी खेल स्टेडियम और मिनी स्टेडियम भी हैं, जिनमें खिलाड़ी अभ्यास करते हैं।

### डीएसओ के पास करें आवेदन

इसके लिए ग्राम पंचायतों व निकायों को खेल विभाग के पास आवेदन करना होगा। इसके लिए नवीनत्तम खेल मैदान की फोटो भी आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी। नगर निकाय के लिए आवेदन वार्ड एमसी आवेदन कर सकता है।

### यह कहते हैं खेल अधिकारी

जिला खेल अधिकारी एवं बाक्सिंग कोच मनोज कुमार ने बताया कि सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को नशा एवं अपराध से निकालने के लिए यह योजना शुरू की है। निकाय एवं पंचायतें इसके लिए आवेदन कर चुके हैं। जिले में करीब 92 पंचायतों ने आवेदन किए हैं। इन्हें अब अंतिम रूप दिया जाना है।

### आवेदनों की छंटनी करेगा विभाग

आवेदनों की विभाग की ओर से गठित टीम की ओर से छंटनी की जाएगी। इस टीम में जिला खेल अधिकारी, सीनियर कोच, उपाधीक्षक और संबंधित खेल का सीनियर कोच शामिल होगा। छंटनी के बाद ही खेल सामान की स्थिति तय हो पाएगी।

### ये सामान मिलेगा खिलाड़ियों को

जहां वॉलीबाल और फुटबाल मैदान में पोल लगे हैं वहां खिलाड़ियों को छह-छह बॉल और नेट मिलेगी। बास्केटबाल के लिए भी छह बॉल दी जाएंगी। हैंडबाल मैदान में भी पोल होने पर छह बॉल दी जाएंगी। बॉक्सिंग खिलाड़ियों को छह पंचिंग बैग और 12 ग्लब्ज दिए जाएंगे। कुश्ती और जूडो खिलाड़ियों को कवर सहित 18 मैट मिलेंगे। क्रिकेट खिलाड़ियों को दो बैट के साथ एक किट, स्टंप के दो सैट, छह बॉल, दो जोड़ी पैड, ग्लब्ज, एक जोड़ा विकेट कीपर का पैड और ग्लब्ज दिए जाएंगे।



महेंद्रगढ़। बार एसोसिएशन को संबोधित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

# न्याय प्रक्रिया में वकील निभाते प्रतिपक्ष की भूमिका: राज्यमंत्री

- बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, पूर्व शिक्षा मंत्री भी रहे मौजूद, वकीलों ने मंत्री व पूर्व मंत्री के सामने रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

वकीलों का महत्वपूर्ण कार्य न्याय प्रक्रिया में अदालतों में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाना होता है। उपरोक्त विचार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने सोमवार को बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के उपरांत कही। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज की एक बुद्धिजीवी कौम है। अधिवक्ता स्वयं महसूस कर सकते हैं कि पिछले 10 साल में केंद्र सरकार ने अनेक कल्याणकारी कार्य किया, जिससे आम जनता को फायदा हुआ वहीं प्रदेश सरकार ने भी हमारे पिछड़े इलाके के लिए पानी, रोजगार, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य किया है। इस दौरान पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा भी रहे। बार एसोसिएशन प्रधान राजीव यादव, उप प्रधान चंद्रजीत बरगढ़ सहित पूरी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रो.रामबिलास शर्मा ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि वे आज वकीलों के बीच अपने आप को गोरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बार की तरफ से एडवोकेट धर्मवीर यादव ने आईएमटी के कार्य को पूरा करवाने, सब डिपो चालू करने, रिवासा से कोर्ट तक सड़क का निर्माण करने की पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा से मांग रखी, जिस पर पूर्व शिक्षा मंत्री द्वारा जल्द ही इन कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया। बार ने मंत्री ओमप्रकाश यादव को भी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा जिसमें अधिवक्ता चैंबर की लिफ्ट ठीक करने व लाइब्रेरी के लिए अनुदान देने की मांग की, जिस पर मंत्री ने 11 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। पूर्व शिक्षा मंत्री ने भी जिला परिषद की तरफ से 11 लाख रुपये का अनुदान देने का बार को आश्वासन दिया।

इस मौके पर पूर्व प्रधान रविंद्र यादव, सेशन जज डीएन भारद्वाज, जज कीर्ति जैन, सोहनलाल, मंजीतपाल, नारनौल बार प्रधान मंजीत यादव, जिला परिषद प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, देवेंद्र यादव, इंद्रपाल बोहरा एडवोकेट, आचार्य दुर्गा प्रसाद एडवोकेट, सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सुंदरह के प्रवीन आर्मी में बने सिविल मैसेंजर

- गैलेक्सी स्कूल बवानिया का छात्र है प्रवीन, स्टाफ ने दी बधाई



**महेंद्रगढ़।** गांव बवानियां स्थित गैलेक्सी स्कूल के छात्र गांव सुंदरह निवासी प्रवीन का इंडियन आर्मी में सिविल मैसेंजर के पद पर चयन हुआ है। मीडिया प्रभारी संजय शास्त्री में जानकारी देते हुए बताया कि यह छात्र पहले भी एनडीए का टेस्ट क्वालीफाई कर चुका है। प्रवीण ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया है जिनके मार्गदर्शन से ही वह सफल हो पाया है। विद्यालय पहुंचकर छात्र ने अपने सभी गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी दरियाव सिंह व सीईओ सतीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चा शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रहा है। सच्ची लग्न, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण यादव सहित समस्त स्टॉफ ने छात्र को बधाई दी।

# आज बसों का चक्काजाम करेंगे रोडवेज कर्मचारी

- सरकार पर मांगें नहीं मानने का लगाया आरोप

**नारनौल।** सरकार कर्मचारियों की मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं करने के विरोध में रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले 24 जनवरी को रोडवेज बसों का चक्का जाम करेंगे। यह जानकारी देते हुए नारनौल डिपो के प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने बताया कि सरकार द्वारा सांझे मोर्चे को 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून तथा 13 दिसंबर को कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए बैठकों के लिए आमंत्रित किया गया। इन बैठकों में सांझे मोर्चे ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान बारे तर्क व प्रमाण दिए तथा सरकार द्वारा सांझे मोर्चे के दिए गए तकारें व प्रमाणों को सही मानते हुए उन मांगों को जायज माना और उन्हें लागू करने के परिपत्र जल्द जारी करने का भरोसा दिया गया, लेकिन बार-बार भरोसा देने के बाद भी मानी गई मांगों के परिपत्र आज तक जारी नहीं किए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। अब सरकार ने कर्मचारियों की जायज मानी मांगों को लागू न करके सांझे मोर्चे को हड़ताल करने के लिए मजबूर किया है। 24 जनवरी को सांझा मोर्चा एक दिन की हड़ताल कर रहा है। उन्होंने बताया कि सांझा मोर्चा की मुख्य मांगों में हिट एंड रन कानून रद करने, देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लेने, परिचालक-चालक की वेतन विसंगति दूर करने, वर्ष 2002 से चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन नीति में शामिल करने, वर्ष 2016 के चालक व 52 दादरी के हेल्परों को पक्का करने की पॉलिसी बनाने, चालक व परिचालकों से आठ घंटे की ड्यूटी लेने और आठ घण्टे ड्यूटी से अधिक ड्यूटी को ओवरटाइम देने, चालकों को अड्डा इंचार्ज के पद पर प्रमोशन देने, स्थाई तबादला नीति बनाने, वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान देने, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करके उन्हें तकनीकी पदों ओर प्रमोशन देने आदि शामिल हैं।

# वेदपाल प्रधान व राकेश बने उप प्रधान

**कनीना।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की त्रि-वार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव करवाया गया। रेवाड़ी रोड जलघर प्रांगण में सुबह 11 बजे हुए इस चुनाव में



रेगुलर व ए च के आ र ए न कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में राज्य का य ॅ का रि णी महासचिव नरेंद्र धीमान, उपाध्यक्ष सुभाष यादव व दीपक सैंडल मौजूद थे। चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध रूप से चली। जिसमें केके पूनिया को चेयरमैन, वेदपाल को प्रधान, राकेश को उपप्रधान, वेदप्रकाश को महासचिव, जयपाल को कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा को संगठनकर्ता चुना गया।

# पाट फेरा करवा लौट रही थी कार, खड़े बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत व 3 घायल, मौके से दूल्हा-दुल्हन भी फुर्र

- राजस्थान के झुझुनू के शिमला निवासी दूल्हा-दुल्हन के फेर पाटा कर कार से वापस लौटते समय हुआ हादसा, बाइक को अपने साथ घसीटते हुए दूर तक चली गई कार
- डर के कारण दूल्हा दुल्हन भी कार छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। हादसे के बाद सजी कार को घेरे हुई भीड़ व मौका देखती पुलिस।

शहर में एक दूल्हा दुल्हन की गाड़ी ने एक बाइक सवार सहित पास में खड़े तीन अन्य व्यक्तियों को मंगलवार शाम टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई व तीन अन्य घायल हो ग। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्थान के झुंझुनूं जिले के शिमला गांव निवासी दूल्हा दुल्हन फेर पाटा के लिए गए थे। वापस लौटते समय उनकी गाड़ी ने सिंघाना रोड पर पेट्रोल पंप के सामने बाइक के साथ खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी।

इसके बाद कार ने एक अन्य बाइक को टक्कर मारी और उसे घसीटते हुए दूर तक ले गया। हादसे में बाइक सवार झुंझुनूं के नंगली गांव निवासी अनिल कुमार की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अस्पताल पहुंचा तथा गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद कार चालक व उसमें सवार दूल्हा दुल्हन भी मौके की नजाकत को भांपते हुए घटना स्थल से फरार हो गए।

## बिजली समस्या से परेशान सतनाली क्षेत्र के ग्रामीण

# पॉवर हाउस में धरने पर बैठे किसान, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी





सतनाली मंडी। धरने पर बैठे किसानों को समझाते एसडीओ हनुमान प्रसाद, धरने पर बैठे बिजली समस्या से परेशान किसान व एसडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान।

बिजली कट की समस्या से परेशान किसानों ने गांव सुरेहती जाखल पावर हाउस पर धरना देकर समस्या के समाधान की मांग की। समस्या से परेशान किसानों ने बताया कि निर्धारित शैड्यूल में भी बार-बार बिजली कट लग रहे हैं। समस्या से परेशान किसानों ने एकत्रित होकर सुरेहती जाखल पावर हाउस के सामने धरना शुरू कर दिया और समाधान की मांग की। धरने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे निगम के एसडीओ हनुमान प्रसाद ने किसानों की बात सुनी।

इस अवसर पर समस्या से परेशान सरपंच राजेन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच मा. राजबीर सिंह, रामौतार, जगबीर सिंह, विद्यानन्द, भूपसिंह, विकास, महिपाल, रणबीर, महाबीर, जयसिंह, ब्रह्मपाल, राजेश, धर्मबीर, सतबीर आदि अनेक किसानों ने बताया कि पिछले लगभग एक माह से उन्हें तय शैड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि निगम की ओर से खेतों में आठ घंटे का शैड्यूल निर्धारित किया हुआ है, लेकिन उनके फीडर में लगभग एक महीने से मात्र दो-तीन घंटे ही मिल रही है और बार-बार कट लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा घरेलू बिजली आपूर्ति में भी कई घंटों के कट लगाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर एसडीओ हनुमान प्रसाद ने किसानों की बात सुनने के बाद उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने निगम के उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलवाने की मांग करते हुए धरना जारी रखा। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि पावर कट को रोकना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने बताया कि समस्या के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है, उम्मीद है जल्द ही बिजली कट की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस पर किसानों ने धरना समाप्त करते हुए चेतावनी भी दी कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से धरने का मजबूर होंगे। इस मौके पर अनेक किसान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढ़ांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबर साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

■ सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

■ शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्को व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

■ सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

■ मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

■ आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई



एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

**सुगम होगा मार्ग**

## पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा

### खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

■ उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम् चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने गणित ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल

**महेंद्रगढ़।** टैगोर स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित गणित ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि गणित ओलंपियाड परीक्षा में कनक, रिया, अंशु, नव्या, कनक, लक्षिता सिद्धि, तनुज, हर्ष, रौनक, पारस, लक्ष्य, कार्तिक, अजय ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

### श्यामपुरा में निकाली रामदरबार की शोभायात्रा

**सतनाली मंडी।** अयोध्या में रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में कस्बे सहित क्षेत्र में माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कस्बे सहित क्षेत्र के मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव श्यामपुरा के हनुमान मंदिर में हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### लालगिरी आश्रम में मेले का आयोजन

**कनीना।** लालगिरी आश्रम में मंगलवार को धार्मिक मेले का आयोजन किया गया। मंहत लालगिरी की 48वीं स्मृति में आयोजित इस मेले में रात्रि को गायक कलाकारों ने भजन-सत्संग कि। वहीं मंगलवार सुबह हवन किया गया, जिसमें गणमान्यजनों ने आहुति डाली। सुबह 11 बजे खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती

**नारनौल।** देश की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय हिंद, भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष के साथ मनायी गई। कार्यक्रम में नेताजी के निकट सहयोगी आजाद हिंद फौज के स्वतंत्रता सेनानी स्व. बहादुर सिंह की पुत्री शिक्षाविद उर्मिला यादव को सम्मानित किया गया।

### श्रीराम कॉलोनी में दुल्हन की तरह सजा मंदिर

महेंद्रगढ़। नगर की माजरा चौक चुंगी स्थित श्री राम कॉलोनी में भी नवनिर्मित मंदिर को दुल्हन की तरह सजाने के साथ-साथ देर रात तक महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किए गए। समाजसेवी डॉ. केसी गौड़ ने बताया कि 22 जनवरी को मंदिर को सजाए जाने के साथ-साथ देर रात तक भजन कीर्तन भी किए।

### प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभायात्रा

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को श्री रामलीला परिषद् द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। मुख्यातिथि पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा, अध्यक्षता महेंद्रगढ़ विकास मंच अध्यक्ष राव कुलबीर बोहरा, विजय इंटरनेशनल स्कूल चेयरमैन विजय टूमना, भाजपा नेत्री डॉ. अर्चना ठाकुर, जिला पार्षद महंत बचनाई नाथ, कपूर गिरी महाराज, उपप्रधान मंजू कौशिक ने की। नपा प्रधान रमेश सैनी, पार्षद सुखबीर यादव आदि मौजूद थे।

# रोटावेटर के लिए सर्वाधिक 497 आवेदन, 6 कृषि यंत्रों के लिए सिर्फ एक आवेदन

## कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 1093 आवेदन प्राप्त, लक्ष्य मिलने के बाद होगा लाभार्थियों का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए अंतिम तिथि तक जिले के 1093 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी देते हुए कृषि इंजीनियरिंग विग के जिला प्रभारी इंजीनियर डीएस यादव ने बताया कि कृषि विभाग ने 32 तरह के कृषि यंत्रों पर अनुदान देने का फैसला लिया है। इसके लिए 15 जनवरी ऑनलाइन आवेदन करने थे। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि 15 जनवरी तक जिले से सभी कृषि यंत्रों के लिए कुल 1093 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन स्कीम के तहत 1082 नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन पल्स स्कीम के तहत पांच एवं नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन ओयल स्कीम के तहत छह आवेदन मिले हैं। कृषि इंजीनियरिंग विंग के जिला प्रभारी इंजीनियर डीएस यादव ने बताया कि किसानों ने सर्वाधिक रूचि रोटावेटर कृषि यंत्र के लिए दिखाई। जिसके लिए सर्वाधिक 497 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन कृषि यंत्र विभाग ने करीब तीन सालों के बाद अनुदान देने का फैसला किया था। इसके अलावा कपास बजाई मशीन के लिए 98, लेजर लैंड लेवलर के लिए 75, ट्रैक्टर चालित स्प्रे पंप के लिए 203, ट्रैक्टर चलित पावर वीडर के लिए 35 आवेदन मिले हैं।

### इन यंत्रों के लिए आए सिर्फ एक-एक आवेदन

इंजीनियर डीएस यादव ने बताया कि 32 में से 6 कृषि यंत्रों के लिए सिर्फ एक-एक आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जिनमे ट्रैक्टर से चलने वाली विनोइंग मशीन, ग्राम क्लीनर, ग्रेडर, ब्रिकेट मेकिंग बायोमास पेलेटिंग मशीन, न्यूमेटिक प्लाटर, राइस ट्रांसप्लांटर, सेल्फ प्रोपेल्ड हाई क्लियरेंस बूम स्प्रेयर एवं ट्रैक्टर चलित फर्टिलाइजर ब्रॉडकास्टर शामिल है। इसके अलावा काऊ ढंग ब्रिकेटिंग मशीन के लिए एवं मिलेट मिल के लिए दो-दो आवेदन पत्र मिले हैं। आलू बिजाई मशीन, ऑयल एक्सपेलर, हाई कंपेसिटी चेफ कटर विद लोडर के लिए चार-चार आवेदन मिले हैं।

### लक्ष्य मिलने के बाद होगी आगामी कार्रवाई

कृषि इंजीनियरिंग विंग के जिला प्रभारी इंजीनियर डीएस यादव ने बताया कि मुख्यालय ने अभी तक 32 कृषि यंत्रों के लिए लक्ष्य आवंटित नहीं किए हैं। लक्ष्य मिलने के बाद लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्यालय की हिदायतों के अनुसार यदि किसी यंत्र के लिए लक्ष्य से अधिक आवेदन पाए गए तो उस मामले में उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की ओर से ड्रॉ ऑफ लॉट्स के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अलावा जिन कृषि यंत्रों के लिए लक्ष्य के बराबर या लक्ष्य से कम आवेदन मिले है, उनको मुख्यालय की ओर से निर्धारित सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने के बाद अनुदान के लिए स्वीकार किया जाएगा। अनुदान अदायगी से पहले सभी लाभार्थियों के मूल

### भौतिक सत्यापन के बाद मिलेगा अनुदान

इंजीनियर डीएस यादव ने बताया कि लाभार्थियों का चयन करने के बाद उनके द्वारा खरीदे गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। खरीद प्रक्रिया भी पूरी तरह से पारदर्शी होगी। किसान को विभागीय पोर्टल पर विभाग की ओर से अधिकृत कृषि यंत्र निर्माताओं व उनके अधिकृत डीलर्स की सूची दिखेगी। किसान इन अधिकृत कृषि यत्र निर्माताओं व उनके अधिकृत डीलर्स में से जहां भी उचित लगे, अपना कृषि यंत्र खरीद सकता है। भौतिक सत्यापन उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की ओर से गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। जिसमें एक सदस्य जीएसटी विभाग से भी होगा। यह पूरी प्रक्रिया ऐप के माध्यम से पूरी की जाएगी।

## वीर शहीदों के बलिदान कभी भुला नहीं सकते: विधायक सीताराम

# संकल्प यात्रा का मकसद आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ देना : ओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व उज्ज्वला योजना के तहत पात्र नागरिकों को एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित करते विधायक सीताराम यादव। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को अटेली खंड के गांव कुंजपुरा व सराय, नारनौल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 व 12 के लोगों के लिए राजकीय मिडिल स्कूल ढाणी कोजिंदा तथा वार्ड नंबर 15 के लोगों के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वार्ड नंबर 13 के लोगों के लिए महादेव मंदिर मांदी तथा वार्ड नंबर 10 के लोगों के लिए सरकारी अस्पताल के नजदीक अग्रवाल सभा में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

महादेव मंदिर मांदी व अग्रवाल सभा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, कुंजपुरा व सराय में अटेली में विधायक सीताराम यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं राजकीय मिडिल स्कूल ढाणी कोजिंदा में बीजेपी जिला संयोजक व जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अरुण मंढाणा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पृथ्वीराज चौहान एडवोकेट ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यात्रा का मुख्य मकसद आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाकर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है।

यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे है, जो लाभार्थी अभी तक छूट गए है, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को मकान मुहैया करवाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से किसानों को लाभ दिया जा रहा है।

अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साझा कार्यक्रम से गांव में गरीब से गरीब व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर अटेली विधायक सीताराम यादव ने लगभग दो महीने से चल रही यात्रा में काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से सराय गांव की कल्पना, कुंजपुरा गांव की ज्योत्सना को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। हरीश व ईश्वर को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रशंसा पत्र व मोमेंट देकर सम्मानित किया। खेल युवा विभाग की ओर से कुंजपुरा गांव की खुशी, सराय गांव के सचिन व रोशनलाल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कुंजपुरा गांव की निशु, सरिता व सराय गांव की खुशी व अंशु की गोद भराई की रस्म करवाई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कुंजपुरा गांव की पुष्पा देवी व प्रियंका देवी को गैस कनेक्शन दिया।

### आज यहां पहुंचेगी संकल्प यात्रा

*आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 24 जनवरी को नारनौल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 लोगों के लिए बहादुर सिंह तालाब के नजदीक जैन धर्मशाला, वार्ड नंबर 20 के लोगों के लिए मोहल्ला चौधरीयान गौड़ ब्राह्मण सभा में सुबह दो से दोपहर एक बजे तक, वार्ड नंबर 26 के लोगों के लिए मोहल्ला नई सराय माता मसानी राजकीय मिडिल स्कूल तथा वार्ड नंबर 16 के लोगों के लिए पुरानी मंडी किशोरी लाल स्कूल में दोपहर दो से सायं पांच बजे तक कैंप का आयोजन किया जाएगा।*



### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

*महेंद्रगढ़। सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को विद्यार्थियों ने भक्ति संगीत के रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के गर्भ ग्रह में स्थापित होने पर भगवान राम के त्रेता युग की याद दिलाई। इस रामलला की मूर्ति स्थापित होने पर पूरा भारतवर्ष खुशी से झूम उठा। इसके उपलक्ष्य पर विद्यालय में विद्यार्थियों ने पुष्पों से भगवान राम के नाम को एक बहुत बड़े आकार में लिखकर सजाया और दीपक जलाकर उनके आदर्शों को आलोकित कर प्रकाश पुंज के रूप में प्रदर्शित किया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। रामायण से हमें शिक्षा मिलती है कि बुराई चाहे कितनी भी मजबूत और शक्तिशाली क्यों ना हो, हमेशा अच्छाई की जीत होती है। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान राम बाल रूप में अपने नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए है। भगवान राम के चरित्र से हमें मयार्दा में रहने की शिक्षा सहित देशभक्ति की भावना का सर्वोत्तम विकास होगा। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।*



### हरियाणा स्कूल में मनाया श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंगलवार को उत्सव मनाया गया। जिसमें श्रीराम स्तुति, नृत्य प्रस्तुतिकरण, श्रीराम चरित्र पर प्रकाश, श्रीरामचरितमानस के पात्रों की झांकी, प्रश्नोश्ररी आदि गतिविधियां करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा, निदेशिका संगीता शर्मा व प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज कि पीढ़ी को श्रीराम जी के व्यक्तित्व से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। मौके पर रामनिवास डीपीई, संजय कुमार, राहुल सोनी, नरेश कुमार, मनमोहन, लोकेश कुमार, जोगिंद्र कुमार, लक्ष्मी चौहान, वन्दना सैनी आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने मनाया पराक्रम दिवस

- जीनियस एकेडमी में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जीनियस एकेडमी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। एकेडमी निर्देशक अमित यादव ने कहा कि नेताजी के जन्मदिन को देश में पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। भारत की स्वतंत्रता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान अहम रहा था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो का डटकर सामना किया तथा उन्हे वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। नेताजी ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से 1943 को आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ चार जुलाई 1944 को बर्मा पहुंचे। नेताजी ने आजादी से पहले भारतीय सरकार का गठन किया और इसके प्रधानमंत्री भी बने। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि नेताजी की जीवनी, उनके विचार और उनका कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में नेताजी के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर दिलेर सिंह, नरेंद्र, योगेश, ललित, देवेंद्र, सुधीर व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### महिला पुलिस ने किया छात्राओं को जागरूक

**नारनौल।** महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में महिला थाना पुलिस टीम ने शहर क्षेत्र में मेडिकल की छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि एसपी नितिश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस की ओर से जिले के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मनचलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। महिला थाना प्रबंधक निरीक्षक मंजू शाह ने छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचित करें।

# एचपीएस में मनाया दीपोत्सव

- जय श्रीराम के नारे लगाकर 2100 दीपक जलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। दीपोत्सव में भाग लेता स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में अयोध्या में आयोजित हुए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रबंधन कमेटी से डा. हितेश वर्मा ने की। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने जय श्रीराम के नारे लगाकर 2100 दीपक जलाए। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने दीपमाला से एचपीएस प्रांगण में जय श्री राम के नाम को जगमगाया। दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों व अध्यापकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यार्थियों की ओर से जलाए गए मिट्टी के दीयों की रोशनी से एचपीएस वातावरण दिवालीमय हो गया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने सबों को बधाई दी।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आरपीएस में जलाए 2.51 लाख दीप

- आरपीएस प्रांगण में 108 कुंडीय हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते स्टॉफ सदस्य एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

अयोध्या में बने भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होने के अवसर पर आरपीएस विद्यालय में भी राम उत्सव हर्षोल्लास उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 2 लाख 51 हजार दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकली गई तथा 108 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भगवान राम के आदर्शों पर आधारित सुंदर व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया। कार्यक्रम का शुभांरभ माता विमला देवी, ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्रेम राव व स्वयं सेवक संघ के नगर संयोजक दयाशंकर तिवारी, जिला पालक सुभाष डागर, नगरपालक महावीर भांडोरिया, पूर्व डीईओ मुकेश लावनिया, राजेश शर्मा, नगर पालिका की वॉइस चेयरमैन मंजू कौशिक, नगर पालिका की पूर्व प्रधान रीना गर्ग व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में भगवान राम की आरती के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन हरि प्रकाश शास्त्री ने किया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज पूरा भारतवर्ष राममय हो गया है।



महेद्रगढ़ । नासा एकेडमी में दीप जलाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म की पहचान और आधार : सुरेश भगड़ाना

*महेंद्रगढ़। स्थानीय नासा एकेडमी में अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्यार्थियों ने दीप जलाकर उत्सव को धूमधाम से मनाया। एकेडमी के चेयरमैन सुरेश कुमार भगडाना ने बताया कि भगवान श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण हमारी संस्कृति की पहचान है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने हमारी संस्कृति को विश्व भर में श्रेष्ठ सिद्ध किया है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर उनके जैसा आज्ञाकारी, न्यायप्रिय और धर्म रक्षक बनकर हमें अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा हेतु तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन देशों की संस्कृति और मंदिर बाहरी शक्ति के द्वारा एक बार समाप्त हो गए, वह फिर से कभी पनप नहीं पाए। मिस्र, मेसोपोटामिया चीन की संस्कृति इनका उदाहरण हैं। अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा सर्वोपरि कार्य है। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में जन्में भगवान श्रीराम ने माता-पिता की आज्ञा पर 14 वर्ष वन में बिताए और बाली तथा रावण जैसी दुराचारी और अधर्मी राक्षसों का अंत किया। उन्होंने भगवान श्रीराम से संबंधित रामायण की घटनाओं को बच्चों को बताया। इस अवसर पर सबों ने दीप जलाए। इस अवसर पर संजीव कुमार, नवनीत, हवासिंह गडानिया, अभिषेक, हितेश, अंजली, शीतल, पूजा व पूनम आदि मौजूद थे।*



महेंद्रगढ़। देवयानी स्कूल में दीप जलाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### देवयानी स्कूल में राम प्राण प्रतिष्ठा का किया आयोजन

*महेंद्रगढ़। गांव बेवल स्थित देवयानी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर आरती, शंखनाद, मंत्रोच्चारण और दीप जलाकर रामलला की मूर्ति स्थापना दिवस मनाया। स्कूल के सभी बच्चों ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल चेयरमैन सुनील कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें राम के चरित्र से सीख लेनी चाहिए। भगवान श्रीराम कण-कण में समाहित हैं। इसके लिए हमें कहीं पर भी जाने की जरूरत नहीं है। समाज के द्वारा हमें जो भी कर्तव्य दिये गए हैं, उनको पूरी निष्ठा से निभाना ही सच्ची राम भक्ति है। मानव जाति की सेवा करना, पशु-पक्षियों और जानवरों के प्रति सहानुभूति रखना, प्राकृतिक संसाधनों का दुरूपयोग न करना भी सच्ची राम भक्ति है। इस उपलक्ष्य पर सभी विद्यार्थियों के साथ सभी अध्यापक गण ने रामलला को याद करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर राम-सीता की आरती उतारी।*

### भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर 1001 दीप प्रज्ज्वलित किए

**नारनौल।** नगर परिषद के गांव कोजिंदा में दिनभर महिलाएं जगह-जगह टोली बनाकर भगवान श्रीराम के भजन करती नजर आई। वहीं शाम के समय लोगों ने अपने अपने घरों में दिवाली के रूप में पूजन किया तथा मीठे पकवान भी बनाए। धानक समाज ने रात के समय गांव के एक स्थान पर इकट्ठा होकर सभी के लिए सामूहिक खीर पूरी बनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज ने 1001 दीप प्रज्ज्वलित किए और आतिशबाजी की।

**सूचना**

मै रोहताश पुत्र बाबूलाल वासी गांव बास किरारोद उमराबाद तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी पुत्री जीतू मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में लडाई झगडा करती रहती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे बाकि परिवार का कोई वास्ता नही होगा।

## खबर संक्षेप



### भावांतर भरपाई का पैसा देने की मांग

**नारनौल।** बसपा ने अटेली के कई गांवों में ग्रामीणों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम किया। जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व सैनिकों, किसान, श्रमिक, युवा, महिला से बात की। बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट ने कोका, चेलावास, गुढ़ा, बाछौद, खैराणा, कपूरी, भीलवाड़ा, ताजपुर गांवों में सरकार से भांवातर भरपाई का पैसा तुरंत किसानों को देने की मांग की।



### बिहाली गोशाला में लगाई गोवंश के लिए सवामणी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के रातां कलां निवासी प्रीत्तम उर्फ टील्लू सरपंच ने अपने पिता कृष्ण चंद की बारहवीं पर श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में गोवंश के लिए सवामणी लगाई। उन्होंने अपने बेटे हरिश, अंकित व साथी मुकेश एडवोकेट के साथ मिलकर गुड़, दलिया, खल आदि खिलाया।



### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सैनी ने जताया शोक

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी मंगलवार पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय रतना देवी ने महिला मोर्चा में रहते हुए महिलाओं को जोड़ने का काम किया।

### राव सुल्तान स्कूल में मनाया पराक्रम दिवस

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बहेड़ा में सुभाष चंद्र बोस की जयंती व पराक्रम दिवस मनाया गया। निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव व उपप्राचार्य रामकुमार ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए। निदेशक सतपाल यादव ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा में हुआ था। वह स्वतंत्र संग्राम के अग्रणी नेता थे। उनका जन्म ही शायद इसलिए हुआ था कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाकर आने वाली पीढ़ी को एक नया जीवन प्रदान कर सके।

### पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

**नारनौल।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। सुबह नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस लाखों भारतीय युवाओं के आदर्श बने हुए हैं।


## दिसंबर में तेल- चीनी दिया, बाजरा और गेहूं नहीं दिया

# नांगल पीपा के राशन डिपो होल्डर पर गबन का आरोप

### ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

गांव नांगल पीपा के राशन डिपो होल्डर पर ग्रामीणों ने राशन वितरण में गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी जगह-जगह शिकायत भी की, लेकिन अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर ग्रामीण मंगलवार प्रातः लघु सचिवालय पहुंचे तथा डीसी की गैर-मौजूदगी में सीटीएम डा. मंगल सैन को एक ज्ञापन सौंपा, जिस पर उन्होंने विभागीय अधिकारी को तलब किया। अधिकारी ने ग्रामीणों को तीसरा नोटिस देने उपरांत कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे हनीराव ने बताया कि उनके गांव में करीब 250 बीपीएल के राशन कार्ड बने हुए हैं, जिन्हें सरकार की ओर से राशन डिपो के जरिए दी जाने वाले सुविधाएं जैसे गेहूं, बाजरा, चीनी एवं सरसों का तेल बेहद सस्ती दरों या मुफ्त में मिलता है। उन्होंने बताया कि दिसंबर मास का उक्त राशन डिपो पर राशन



नारनौल। लघु सचिवालय ज्ञापन देने आए नांगल पीपा के ग्रामीण।

पहुंचा, लेकिन डिपो धारक दीपक ने राशन बांटने में शॉर्टेज के नाम पर गड़बड़ी कर दी। उसने बमुश्किल 20 राशन कार्ड धारकों को ही राशन वितरित किया, जबकि फिंगर प्रिंट अन्य ग्रामीणों के भी करवा लिए तथा उन्हें कह दिया कि इस माह का उन्हें गेहूं या बाजरा नहीं मिलेगा।

इस पर ग्रामीणों को शक हुआ कि ओपीएस मशीन में फिंगर भी लगवा ली और राशन भी अधूरा ही दे रहा है। इस पर उन्होंने इसकी ऑनलाइन चेकिंग कर ली, जिस पर उन्हें उनके राशन कार्ड पर राशन बांटना दर्ज पाया, जबकि हकीकत में पूरा राशन बांटा ही नहीं गया, जबकि फिंगर प्रिंट अन्य राशन की भी करवा ली गई। मशीन में ऑनलाइन राशन वितरण करना पाकर ग्रामीण इससे बड़े नाराज हुए तथा इसकी शिकायत कर दी। यह शिकायत सीटीएम, एचएफसी एवं सीएम विंडो में की गई तथा डिपो धारक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। तत्पश्चात दो जनवरी को फूड सप्लाई विभाग की ओर से रवि नामक एक निरीक्षक गांव में पहुंचे तथा पंचायत की मौजूदगी में जांच शुरू की। पंचायत में डिपो धारक को भी बुलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में तब डिपो धारक दीपक ने अपनी गलती मान ली तथा अधिकारी से कहा कि वह राजीनामा करवा दें। अब राशन वितरण करवा देगा। उन्होंने बताया कि जब डिपो धारक ने गड़बड़ी की है तथा उसने गलती करना भी कबूल कर लिया है तो अब उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, न कि राजीनामा। ज्ञापन देने आए लोगों में सरपंच रामनरेश, राजकुमार, लालाराम पंच, सुमित, सुबेसिंह, धर्मवीर पंच, जितेंद्र, हरसिंह, जयपाल, रणसिंह, शीशराम, जयपाल एवं कृष्ण डेलीगेट इत्यादि मौजूद रहे।

### जांच के बाद होगी उचित कार्रवाई : विधायक

इस मुद्दे को लेकर वह मंगलवार को नांगल चौधरी के विधायक डा. अभयसिंह यादव से भी मिले। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक ने जांच करवाकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके उपरांत वह डीसी से शिकायत करने लघु सचिवालय पहुंचे हैं, लेकिन डीसी सीट पर नहीं मिलने पर उन्होंने सीटीएम डा. मंगल सैन को उनके कार्यालय जाकर एक ज्ञापन दिया तथा पूरा विवरण बताते हुए डिपो धारक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस पर सीटीएम ने सचिवालय परिसर में ही मौजूद फूड सप्लाई विभाग के अधिकारी को तलब कर लिया। अधिकारी ने सीटीएम को बताया कि वह डिपो धारक को दो नोटिस दे चुके हैं। अभी तीसरा नोटिस देना बाकी है। यदि वह उसका जवाब भी नहीं देता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पर सीटीएम ने भी ग्रामीणों को समझाया कि वह तीसरे नोटिस तक इंतजार करें। अन्यथा बाद में जो भी कार्रवाई बनेगी, वह करवाएंगे।

# जयंती पर नेताजी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

कांग्रेस पार्टी की ओर से कांग्रेस के पूर्व जिला प्रधान भाई रामसिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती सुभाष पार्क में मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव भी उपस्थित रही। इस दौरान कांग्रेसी सुबह नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एकत्रित हुए और उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। लाखों भारतीय युवाओं के आदर्श और नेताजी के नाम से मशहूर सुभाषचंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिन्द जैसे ज्वलंत नारे दिए। नेताजी की जीवनी, उनके क्रांतिकारी विचार और उनका कठोर त्याग व बलिदान भारतीय युवाओं के लिए बेहर प्रेरणादायक रहा है और आगे भी रहेगा। आज के युवा सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते है। इस मौके पर संदीप उर्फ टिल्लू राव, सुरेश फौजी, कृष्ण कलवाड़ी, नरेश सरपंच, सूबेदार राजेंद्र चौधरी मौजूद रहे।



नारनौल। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते हुए।

# माता-पिता की इकलौती संतान था मृतक तरूण

- दूसरे दिन हुई पहचान, मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ बहुतकनीकी संस्थान एवं श्याम बाबा मंदिर के बीच से गुजरती रेल पटरियों पर मालगाड़ी की चपेट में आए मृतक नौजवान की पहचान करीब 25 वर्षीय तरुण निवासी भगतां वाली ढाणी तन सिरोही बहाली थाना नांगल चौधरी के रूप में हुई है। मृतक युवक अपने माता-पिता की इकलौता पुत्र था और वह स्नातक करने उपरांत कोचिंग लेकर नौकरी की तैयारी कर रहा था। नवयुवक वर्तमान में अपने ताऊ पर के पास नारनौल में पुल बाजार पर रह रहा था, लेकिन सोमवार प्रातः करीब साढ़े 11 बजे उसकी मालगाड़ी से मौत हो गई थी। जब तरुण सोमवार को दिनभर एवं रात को भी घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई तथा उसकी तलाश शुरू की। सुबह माता-पिता एवं ग्रामीण जीआरपी पहुंचे व मालगाड़ी के चालक का बयान है कि एक नवयुवक ट्रेन के आगे आकर खड़ा हो गया था और सुसाइड कर लिया था। जीआरपी ने मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाने उपरांत उसे परिवार को सौंप दिया।

### केंद्रीय स्कूल में पराक्रम दिवस पर कार्यक्रम

**नारनौल।** केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस की जयंती के साथ परीक्षा पर चर्चा से संबंधित कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। रघुनाथपुरा स्कूल के अलावा जिले के 13 अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। उन्होंने बताया कि इसमें प्रत्येक विद्यालय से पांच-पांच विद्यार्थी तथा जवाहर नवोदय विद्यालय से 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर व आकर्षित चित्र बनाएं।



## बीआर ज्ञानदीप में धूमधाम से मनाया पराक्रम दिवस

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप में पराक्रम दिवस बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य रामवीर याढव ने कहा कि 23 जनवरी को पूरे भारतवर्ष में पराक्रम दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को पराक्रम दिवस मनाने के रूप में सन 2021 में भारत सरकार ने शुरूआत की थी। यह दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। विद्यालय के चेयरमैन रूपराम यादव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर सभी बच्चों और अध्यापकों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्या

- अधिकतर का मौके पर किया निपटारा, अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस ने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। फिर भी अगर किसी नागरिक को सेवाओं के संबंध में कोई शिकायत है तो वह उनके सामने रख सकता है। एसडीएम मंगलवार को महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय लगाकर लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। कैंप कार्यालय में जिला के नागरिकों ने आज कुल 19 समस्याएं एसडीएम के समक्ष सुनवाई के लिए



महेंद्रगढ़। नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम हर्षित कुमार। फोटो : हरिभूमि

रखी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें।

कोई भी शिकायत आए तो केवल अपने अधीन काम करने वाले कर्मचारियों को फॉरवर्ड करने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। हर शिकायत का फॉलोअप करना चाहिए। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, बिजली से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डों से संबंधित व कब्जे संबंधित, पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# रामायण पर पाठ्यक्रम

- प्रत्येक सेमेस्टर में दो-क्रेडिट क्वालिफाइंग पाठ्यक्रम होगा उपलब्ध, हकेंवि ने किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने वाल्मीकि रामायण पर दो क्रेडिट मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम शुरू किया है। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विद्यार्थियों में रामायण और इसके महत्व की समझ विकसित करने के लिए सामान्य मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम विषम और सम सेमेस्टर में पेश किया जाएगा। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग द्वारा संचालित किए जाने वाले पाठ्यक्रम की शुरूआत की।



उन्होंने कहा कि वाल्मीकि रामायण में वैज्ञानिक साक्ष्य नामक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि और प्रासंगिकता के विषय में उन्मुख करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य छात्रों को वाल्मीकि रामायण में विभिन्न वैज्ञानिक साक्ष्यों के प्रति संवेदनशील बनाना व उन्हें विज्ञान, मानविकी विषयों के विद्यार्थियों के लिए भी समान रूप से महत्वपूर्ण संदर्भ स्त्रोत के रूप में शास्त्रीय पाठ से आधुनिक संदर्भ में अवगत कराना है।

# नेताजी सुभाष चंद्र को किया याद

- नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

भारतीय जनता पार्टी से जिला महिला मोर्चा एवं नारनौल मंडल ने संयुक्त रूप से मंगलवार नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान सुबह नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एकत्रित हुए और उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आज



नारनौल। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।

कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। लाखों भारतीय युवाओं के आदर्श और नेताजी के नाम से मशहूर सुभाषचंद्र बोस ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिन्द जैसे ज्वलंत नारे दिए। जिन्होंने आजादी की लड़ाई की धार को तेज किया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसी के कटक शहर में हुआ था। उन्होंने कहा कि नेताजी की जीवनी, उनके क्रांतिकारी विचार और उनका कठोर त्याग व बलिदान भारतीय युवाओं के लिए बेहर प्रेरणादायक रहा है।

### यदुवंशी स्कूल में मनाई नेताजी की जयंती

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि कामरेड दलीप सिंह व विशिष्ठ अतिथि बलबीर सिंह व शिव नारायण मोरवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नरेश यादव ने की। मुख्य अतिथि ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह खास दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। निदेशिका सुरेश यादव और डीन मोनिका दीवान ने विद्यार्थियों को जयंती की बधाई दी। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सभी को बधाई दी।उन्होंने बच्चों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय से अवगत करवाते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संदेश दिया।

# सूक्ष्म सिंचाई प्रोजेक्ट हुए तैयार

- आकोली, रामबास व दौंगी में लागू की गई परियोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नांगल चौधरी हलके में सूक्ष्म सिंचाई की तीन योजनाओं का काम अंतिम चरण में है। यह सूक्ष्म सिंचाई प्रोजेक्ट आकोली, रामबास और दौंगली गांवों में बनकर लगभग बनकर लगभग तैयार है। मंगलवार आकोली गांव में पहुंचकर विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ आकोली गांव में उनका प्रारंभिक परिचालन देखा। इस परियोजना के अंतर्गत गांव कांवी से आगे नोलपुर डिस्ट्रीब्यूटरों के पंप हाउस में अतिरिक्त मोटर लगाकर आकोली गांव में बने जल भंडार को



नारनौल। आकोली गांव में सूक्ष्म सिंचाई प्रोजेक्ट पर अधिकारियों से बातचीत करते विधायक डा. अभयसिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

जोड़ा गया है। इसके ऊपर सोलर पंप लगाए गए हैं जो यहां से पानी उठाकर किसानों के खेत में पहुंचाएंगे। इसके लिए 36 किलोमीटर लंबी लाइन पाइपलाइन किसानों के खेतों में बिछाई गई है तथा पाइप लाइन के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली द्वारा किसान के खेत को चिंतित किया जा सकेगा। परियोजना दौंगली व रामबास में भी बनाई गई है। लगभग 38 करोड़ रुपये की कुल लागत से किसानों की कुल 2575 एकड़ भूमि सिंचित होगी। इस योजना के तहत चुने गए तीनों ही गांवों में नहर से सीधे पानी उपलब्ध नहीं है।

### आजाद हिंद फौज के नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**कनीना।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती नेताजी मैमोरियल क्लब एवं शहीद स्मारक में मनाई गई। जिसमें मा. कृष्ण सिंह यादव, मा. कंवर सेन वशिष्ठ, मोहन सिंह, धनपत सिंह सहित प्रबुध नागरिकों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेताजी का भरपूर योगदान था। जिन्होंने आजाद हिंद फौज के माध्यम से ब्रिटिश सेना से जमकर लोहा लिया। विद्यार्थी उनकी बहादुरी के किस्से पुस्तकों में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी महान देश भक्त थे। हमें उन वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की सेवा करनी चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## अंतिम अभ्यास में उपायुक्त मोनिका गुप्ता फहराएंगी तिरंगा

# गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आज

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

आईटीआई मैदान में मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। इस दौरान उपायुक्त मोनिका गुप्ता तिरंगा फहराएंगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टुकड़ियां भाग लेंगी। मंगलवार को आईटीआई में सांस्कृतिक टीमों का चयन किया गया। सांस्कृतिक टीमों के चयन के दौरान एसडीएम मनोज कुमार व नगराधीश डा. मंगल सेन ने सभी स्कूल इंचार्ज को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस



नारनौल। पीटी शो में भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय पर्व होता है। गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ऐसे में सभी सांस्कृतिक टीमें अपना अभ्यास लगातार जारी रखें। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रयोग में लिए जाने वाले तिरंगे झंडो को सम्मान के साथ फहराया जाए। इस दौरान तिरंगे के प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाए। इसके अलावा उन्होंने पीटी व डंबल लेजियम शो का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पीटी व डंबल लेजियम शो के दौरान सभी विद्यार्थियों में एकरूपता होनी चाहिए। इस बार पीटी व डंबल लेजियम शो में लगभग 2000 बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न भागों की ओर से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। इसको लेकर विभाग अपनी झांकियां को तैयार करने में लगे हुए हैं।

### कनीना में भी हुई रिहर्सल

**कनीना।** कनीना में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंगलवार को कॉलेज प्रांगण में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा पुलिस के जवानों, एनसीसी कैडेटों ने मार्चपास्ट तथा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रस्तुति दी। इस समारोह के मुख्यातिथि हथीन के विधायक प्रवीन डागर होंगे, जो ध्वजारोहण करेंगे। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की अंतिम व फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल 23 जनवरी को होगी। विभिन्न विभागों की ओर से झांकी भी निकाली जाएगी। जिनके माध्यम से सरकार की ओर से क्रियान्वित की गई जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी जाएगी।

### यादव धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला के मुख्य सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि यादव सभा की कार्यकारणी ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी। प्रधान अभय राम यादव ने कहा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। 21 अक्टूबर 1943 को बोस ने आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनाई।